मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-462
17/12/2019

जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत दिनारा में चल रही विभिन्न योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

पटना, 17 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में रोहतास जिला अंतर्गत बलदेव उच्च विद्यालय दिनारा स्थित दिनारा तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने उन्नत मत्स्यजीवी योजना के तहत मछली बीज का पोखरे में प्रवाह किया। दिनारा पोखर के पश्चिमी किनारे पर नवनिर्मित ओपन जिम एवं फाउंटेन तथा बस स्टैंड सासाराम का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री ने नगर परिषद सासाराम क्षेत्र अंतर्गत पुरानी जी0टी0 रोड के चौड़ीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सघन वृक्षारोपण, चापाकल के समीप निर्मित सोख्ता, पोखर इनलेट, दिनारा पोखर पार्क में लगे सोलर लाईट एवं अतिक्रमणमुक्त स्थल का भी अवलोकन किया। बलदेव उच्च विद्यालय परिसर स्थित कुऑ का जीर्णोद्धार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान वृक्षारोपण भी किया।

प्रदर्शनी के अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने पांच जीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को 5.50 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने लाभ प्रदान किये।

इस अवसर पर कृषि एवं रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री जय कुमार सिंह, विधायक श्री ललन पासवान, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद सिंह उर्फ छोटू सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री अरविंद चौधरी, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री संजय अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******